प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

सीतापुर पुलिस एवं पीएसी कर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति बड़ी पहल

सत्यम डायग्नोस्टिक सेंटर ने पुलिस परिवार को दी बड़ी राहत, सीटी स्कैन, एमआरआई व जाँचों पर मिलेगी भारी छूट

दिनांक 27.10.2026

आज दिनांक 27.10.2026 को पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सीतापुर द्वारा सत्यम डायग्नोस्टिक्स सेंटर, सीतापुर के सहयोग से सीतापुर पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए से उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है। जनपद में निरंतर कानून व्यवस्था एवं जनसेवा में तत्पर रहने वाले पुलिस व पीएसी कर्मियों तथा उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए उन्हें सुलभ, किफायती और उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में सीतापुर स्थित 'सत्यम डायग्नोस्टिक सेंटर' बट्सगंज, जी.आई.सी. चौराहा, निकट भारत गैस एजेंसी सीतापुर द्वारा पुलिस/पीएसी विभाग को एक विशेष स्वास्थ्य प्रस्ताव सौंपा गया है।

इस पहल के तहत पुलिस कर्मियों और उनके आश्रित परिवारजनों को निम्नलिखित विशेष सुविधाएँ व रियायतें प्राप्त होंगी:-

- विशेष पैकेज व छूट: सीजीएचएस (CGHS) दरों के लगभग समान पुलिस पैकेज रेट पर जाँच सेवाएँ तथा मूल दरों (Base Rates) पर अधिकतम 50% तक की विशेष छूट।
- प्राथमिकता: पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को जाँच तथा रिपोर्टिंग में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।
- एक ही छत के नीचे सुविधाएँ: सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासोनोग्राफी (USG), ईसीजी और अन्य तमाम आधुनिक पैथोलॉजिकल व डायग्नोस्टिक जाँचें एक ही स्थान पर सुलभ होंगी।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य:- पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों को किफायती दरों पर स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना तथा उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है, जिससे पुलिसकर्मी स्वस्थ रहकर अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

सत्यम डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा इस जनहितैषी एवं पुलिस परिवार के कल्याण से जुड़ी पहल से पुलिस कर्मियों को बड़ी आर्थिक राहत और सुगम चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

सत्यम डायग्नोस्टिक्स सेंटर का संपर्क विवरण:-

पता: -बट्सगंज, जीआईसी चौराहा, भारत गैस एजेंसी के निकट, सीतापुर–261001
मोबाइल नंबर-9335145675

SATYAM
Diagnostics

Satyam Diagnostics Centre
Butsganj, GIC Chauraha, Near Bharat Gas Agency, Sitapur-261001
Mob. : 9335145675
Email : info@satyamdiagnostics.in

सेवा में,
कार्यालय प्रमुख
पुलिस//पीएसी विभाग
सीतापुर, उत्तर प्रदेश

विषय: पुलिस/पीएसी कर्मियों एवं उनके परिवार के लिए सत्यम डायग्नोस्टिक सेन्टर द्वारा डायग्नोस्टिक सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु

महोदय/महोदया,

सादर निवेदन हैं कि सत्यम डायग्नोस्टिक सेन्टर एक आधुनिक एवं विश्वसनीय जाँच केन्द्र हैं, जहाँ पर सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासोनोग्राफी (यूएसजी) एवं ईसीजी जैसी सभी प्रमुख जाँच सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

हम आपके माध्यम से सीतापुर जनपद एवं आसपास के थानों (परिधि क्षेत्र) में कार्यरत पुलिस/पीएसी कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने हेतु एक विशेष प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इस प्रस्ताव के अंतर्गत हम निम्न सुविधाएँ प्रदान करने का प्रस्ताव रखते हैं:

- पुलिस पैकेज रेट पर जांच सेवाएँ approx to cghs rate
- मूल दरों (Base Rates) पर अधिकतम 50% तक की छूट
- पुलिस कर्मियों हेतु प्राथमिकता के आधार पर जांच एवं रिपोर्टिंग

एक ही स्थान पर सभी प्रमुख जांच सुविधाएँ उपलब्ध

हमारा उद्देश्य है कि पुलिस बल, जो निरंतर समाज की सेवा में तत्पर रहते हैं, उन्हें एवं उनके परिवार को सुलभ, किफायती एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा सकें।

हम आपको गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का आश्वासन देते हैं:

- मानक के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाली जांच
- अनुभवी तकनीकी एवं चिकित्सा स्टाफ
- समय पर एवं सटीक रिपोर्ट
- मरीज हितैषी सेवा वातावरण

आपसे निवेदन है कि हमारे इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें। हमें आपके विभाग के साथ मिलकर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा तो यह हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी।

धन्यवाद।

भवदीय,

SATYAM DIAGNOSTIC CENTER Butsganj GT Road, Sitapur

सत्यमेव जयते